# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 20.12.2024** **समय : 1905**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कड़ी अगले महीने आयोजित होगी।**
- **एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है।**
- **वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में रात्रि विमान सेवा में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।**
- **भारत संचार निगम कार्यालय में आज अनुभव केन्द्र की शुरूआत की गई।**
- **तेरहवीं राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैम्पियनशिप दो हजार पच्चीस, अगले वर्ष सत्रह से इक्कीस जनवरी तक आंध्र प्रदेश में आयोजित की जाएगी।**

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कड़ी अगले महीने आयोजित होगी। कार्यक्रम के लिए माई जीओवी पोर्टल पर चौदह जनवरी तक पंजीकरण कराया जा सकता है। पंजीकरण के दौरान विद्यार्थी अपनी पसंद के प्रश्न, जो वे प्रधानमंत्री से पूछना चाहते हैं, जमा करा सकते हैं, लेकिन ये प्रश्न परीक्षा के तनाव, करियर और जीवन में भावी आकांक्षाओं के बारे में होने चाहिये। इससे पहले, कार्यक्रम के सातवें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से उन्हें बच्चों से बात करने का एक अवसर मिलता है।

<><><><><><><>

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है। समिति में लोकसभा के सत्ताईस सदस्य और राज्यसभा के बारह सदस्य हैं। आज जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, तब विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, दो हजार चौबीस और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) दो हजार चौबीस को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश किया। यह समिति संसद के अगले सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सदन को सौंप देगी। समिति में भाजपा नेता पी पी चौधरी, अनुराग सिंह ठाकुर और पुरुषोत्तमभाई रूपाला, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और मनीष तिवारी, टीएमसी के कल्याण बनर्जी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले शामिल हैं।

<><><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में रात्रि विमान सेवा में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। हवाई अड्डा निदेशक देवेन्दर यादव ने कहा कि दो ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, जिसमें से एक श्री विजयपुरम में और दूसरा कैम्पबेल बे में और इसके अलावा तीन आर सी एस हवाई अड्डा भी बनाने की योजना है। श्री यादव से की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे कल शाम साढ़े छः बजे प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

भारत संचार निगम कार्यालय में आज अनुभव केन्द्र की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बी एस एन एल के महाप्रबंधक के वी एन राव ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस अनुभव केन्द्र के खुल जाने से उपभोक्ताओं को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र के जरिए उपभोक्ता नए तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं। इस सुविधा से बुजुर्ग नागरिकों को भी काफी लाभ मिलेगा। यह सुविधा चौबीसों घंटे उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध रहेगा। इसके जरिए उपभोक्ताओं को बिल का ऑनलाइन भुगतान करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा 4जी का अधिक से अधिक उपयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने टैब का भी शुभारंभ किया, जिसके जरिए उपभोक्ता स्वयं ही अपने बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान के दूरसंचार विभाग एवं बी एस एन एल पेंशनभोगियों के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। अदालत अंडमान निकोबार सर्कल के संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय की ओर रंगत के बीएसएनएल भवन में इक्कतीस दिसम्बर को दिन में ग्यारह बजे से लगेगी। पेंशनभोगियों से अपनी शिकायतें, डाक या ईमेल के माध्यम से सत्ताईस दिसंबर तक संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय में जमा करने को कहा गया है। और अधिक जानकारी के लिए एएओ (पेंशन) से फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

तेरहवीं राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैम्पियनशिप दो हजार पच्चीस, अगले वर्ष सत्रह से इक्कीस जनवरी तक आंध्र प्रदेश में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में, अंडमान निकोबार शतरंज संघ हिंदी साहित्य कला परिषद के सहयोग से अट्ठाईस और उनतीस दिसंबर को हिंदी साहित्य कला परिषद के सभागार में सात, नौ, ग्यारह, तेरह, पन्द्रह और सत्रह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए अंडमान निकोबार राज्य स्कूल शतरंज चैम्पियनशिप आयोजित किया जाएगा। इस चैम्पियनशिप में केवल स्कूली विद्यार्थी ही भाग ले सकते हैं। सभी प्रतिभागियों का ए आई सी एफ में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ी अपने नाम डेयरी फार्म स्थित अंडमान निकोबार शतरंज संघ के कार्यालय में छब्बीस दिसम्बर तक सुबह साढ़े नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><><>

पीएम श्री के वी नंबर एक, में आज वार्षिक खेल दिवस दो हजार चौबीस–पच्चीस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीडीई (प्लानिंग) एस. सुरेश कुमार और केवी नम्बर एक वीएमसी के चेयरमैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा, नगरपालिका परिषद के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रोतिमा बनर्जी के साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा खेल महोत्सव की घोषणा की गई। अपने संबोधन में एस. सुरेश कुमार ने छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, उन्होंने छात्रों की क्षमता में अपना विश्वास व्यक्त किया, जिसमें उन्होंने कहा कि वे अगले बैच के टॉपर्स के रूप में उभरेंगे। खेल दिवस के अवसर पर कई खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार विद्युत श्रमिक संघ ने केंद्र सरकार से द्वीपसमूह में बिजली क्षेत्र के निजीकरण को रोकने का अनुरोध किया है। संघ ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि मुख्य भूमि से रणनीतिक अलगाव और कई कारणों से देश के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होने के कारण द्वीपसमूह के लिए निजीकरण एक उचित कदम नहीं है। द्वीपों में ज्यादातर मछुआरा समुदाय से संबंधित हैं और उनमें से ज्यादातर मौसमी पर्यटन पर भरोसा करते हैं, जिससे बिजली दरों में वृद्धि से मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। पत्र में बताया गया है कि द्वीपों में बिजली बिल पहले से ही देश में सबसे अधिक है। वितरण क्षेत्र में निजीकरण से टैरिफ और भी अधिक हो सकता है क्योंकि निजी कंपनियां रिटर्न को अधिकतम करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। इस वृद्धि से निवासियों और छोटे व्यवसायियों के लिए कठिनाई हो सकती है। पत्र के माध्यम से विद्युत मंत्री मनोहरलाल खट्टर को भी द्वीपसमूह में बिजली संकट से अवगत कराया गया है।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में कल स्थानीय प्रशासन की ओर से बनावटी अभ्यास का आयोजन किया गया। अभ्यास में पुलिस, अग्निशमन, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य सेवा, स्कूल, पंचायत और पशु चिकित्सा विभाग ने भाग लिया। अभ्यास के दौरान क्षेत्र के सहायक आयुक्त डॉ. केशव नरेन्द्र सिंह ने नियंत्रण कक्ष से विभागों के कार्यों की निगरानी की।

<><><><><><><>

सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन बी आर डब्लू म्यूज़िक विंग की ओर से कल संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में शाम साढ़े चार बजे से आरंभ होगा।

<><><><><><><>